कोरबा भूमि

हरिभूमि | बिलासपुर, शनिवार 15 अगस्त 2026

खबर संक्षेप

गैस लिकेज मॉक ड्रील का आयोजन 20 को

कोरबा। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन के संयुक्त तत्वाधान में जिला प्रशासन द्वारा 20 अगस्त को प्रातः 10 बजे राधासागर तालाब कटघोरा में बाढ़ बचाव के संबंध में मॉक ड्रील का आयोजन किया गया है। इसी तरह वाटर ट्रीटमेंट प्लांट कोहड़ुिया कोरबा में दोपहर 12 बजे गैस लिकेज के संबंध में मॉक ड्रील आयोजित किया जाएगा। अपर कलेक्टर ने बताया कि यह मॉक ड्रील आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने तथा आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला 19 को

कोरबा। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 19 अगस्त को रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नियोजकों-लाईफ इंश्योरेंश ऑफ इंडिया अंबिकापुर सरगुजा, परिश्रम ह्यमन रिसोर्स गुड़गांव, स्वाभिमान फायनेंस, ट्रेड एण्ड इंडस्ट्रीयल सिंडीकेट झारसुगुड़ा, एनआईआईटी और आईसेक्ट द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसमें बीमा सखी, इंश्योरेंश एडवाईजर, इलेक्ट्रिक मीटर टेक्निशियन, कस्टमर रिलेशनशीप ऑफिसर फिल्ड ऑफिसर, सेंटर मैनेजर, सेफ्टी ऑफिसर, सुपरवाईजर, मैशन, हेल्पर, रिलेशनशीप मैनेजर, सीआरई, फिल्ड सेल्स एक्जीक्यूटिव्ह, इनहाउस सेल्स एक्जीक्यूटिव्ह, बिलिंग एक्जीक्यूटिव्ह, सर्विस/रिपेयरिंग स्टाफ के पदों पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने हेतु वेबसाईट आवेदक का रोजगार पंजीयन आवश्यक है। साथ ही इच्छुक रिक्त पदों को चयन करें। जिन आवेदकों ने रोजगार पंजीयन नहीं किया है वे उक्त वेबसाईट में अपना पंजीयन करवा सकते हैं।

निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण हेतु पंजीयन शुरु

कोरबा। अग्निवीर थल सेना भर्ती में युवाओं का अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चत करने के उद्देश्य से राज्य के सभी जिलों के लिए अग्निवीर सेना भर्ती का आयोजन रायपुर में संभावित है। जिले के युवाओं को अग्निवीर भर्ती में लाभ प्राप्त हो सके इस हेतु निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। अग्निवीर भर्ती थलसेना में 2026-27 में ऑनलाईन परीक्षा में उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थी जो निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के इच्छुक हैं। वे ईरोजगार पोर्टल के वेबसाईट पर अग्निवीर भर्ती 2026-27 शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण (निःशुल्क) ऑप्शन में ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं या जिला रोजगार कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 20 तक

कोरबा। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु द्वितीय काउंसलिंग 16 से 20 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। यह काउंसलिंग विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित सूची के अनुसार संबंधित आवंटित प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक संपन्न होगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों एवं उनके पालकों को निर्धारित तिथि एवं स्थान पर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को कक्षा 8वीं की अंकसूची, अध्ययनरत होने का प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र तथा शासन द्वारा निर्धारित अन्य आवश्यक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने होंगे। विशेष श्रेणी के अभ्यर्थियों को संबंधित श्रेणी का प्रमाण-पत्र भी साथ लाना होगा।

एसईसीएल में अब कम कद वाले भी बन सकेंगे सुरक्षाकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोलइंडिया ने सुरक्षा कर्मी भर्ती नियम में किए बदलाव

कम कद के कारण सुरक्षा कर्मियों की भर्ती से बाहर होने वाले अभ्यर्थियों के लिए कोल इंडिया ने रोजगार का रास्ता आसान कर दिया है। कंपनी ने सुरक्षा कर्मियों की भर्ती में न्यूनतम ऊंचाई के मानदंड को घटा दिया है। इससे खासकर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अधिक अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

अलग खबर

नए नियम के तहत अनुसूचित जाति-जनजाति के पुरुष अभ्यर्थी अब 5 फीट और महिलाएं 4 फीट 8 इंच कद के साथ सुरक्षा कर्मी के पद के लिए पात्र होंगी। कोल इंडिया लिमिटेड ने एसईसीएल सहित अपनी सभी सहायक कंपनियों में सुरक्षा कर्मियों की भर्ती के लिए न्यूनतम ऊंचाई की शर्त में यह संशोधन किया है। कंपनी की ओर से जारी नए नियम के अनुसार सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम ऊंचाई अब 5 फीट 2 इंच, जबकि महिलाओं के लिए 4 फीट 10 इंच होगी। वहीं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को विशेष राहत दी गई है। न्यूनतम ऊंचाई की सीमा घटने से ऐसे अभ्यर्थियों के लिए सुरक्षा कर्मी बनने का अवसर बढ़ेगा, जो शैक्षणिक योग्यता और अन्य निर्धारित पात्रताएं पूरी करने के बावजूद केवल कद की शर्त पूरी नहीं कर पाने के कारण भर्ती प्रक्रिया से बाहर हो जाते थे। कोल इंडिया ने संशोधित मानदंड की जानकारी अपनी सभी सहायक कंपनियों के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, निदेशकों और संबंधित विभागों को भेज दी है। आदेश के साथ ही संशोधित ऊंचाई मानदंड तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।



17 अप्रैल की बैठक में हुआ था फैसला

कोल इंडिया के खान एवं औद्योगिक संबंध विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार ऊंचाई के मानदंड में संशोधन का निर्णय 17 अप्रैल को हुई संयुक्त द्विपक्षीय सलाहकार समिति की 11वीं बैठक की मानकीकरण समिति की सातवीं बैठक में लिया गया था। सक्षम अधिकारी की मंजूरी के बाद अब इस निर्णय को लागू कर दिया गया है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि न्यूनतम ऊंचाई में बदलाव के अलावा सुरक्षा कर्मियों की संवर्ग योजना के अन्य सभी नियम और शर्तें पहले की तरह लागू रहेंगी। 6 जून 2014 के कार्यान्वयन अनुदेश संख्या-13 के तहत संचालित सुरक्षा कर्मियों की संवर्ग योजना में अन्य कोई बदलाव नहीं किया गया है।

3 अगस्त को नालंदा जिले के दीपनगर थाना के देवीसराय में करोड़ों की डकैती को दिया था अंजाम

बिहार से फरार डकैती के दो आरोपी कोरबा में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिहार के देवीसराय स्थित एक मकान में डकैती डालने वाले गिरोह के फरार 2 सदस्यों को बिहार व कोरबा साइबर पुलिस की संयुक्त टीम ने फिल्मी स्टाइल में निहारिका स्थित सुभाष चौक के समीप दौड़ाकर गिरफ्तार कर लिया है। बिहार पुलिस को फरार दोनो आरोपियों की लोकेशन काशीनगर कोरबा में मिली थी जिसके आधार पर जिले की साइबर टीम से आरोपियों की लोकेशन कंफर्म करने के बाद बिहार पुलिस की टीम कोरबा जिला पहुंची और साइबर पुलिस की मदद से आरोपियों को गिरफ्तार कर बिहार के नालंदा जिला स्थित थाना दीपनगर रवाना हो गई।

उल्लेखनीय है कि 3 अगस्त को बिहार के देवीसराय में निवासरत राजीव रंजन पिता बालेश्वर प्रसाद के मकान में रात्रि करीब 12.58 बजे एक दर्जन सशस्त्र डकैत घूस गए और राजीव रंजन के माता और पिता को बंधक बनाकर फ्लैट से सारा सामान लेने के बाद राजीव रंजन के माता पिता से ही राजीव रंजन के फ्लैट का दरवाजा खुलवाया। राजीव रंजन ने अपने माता पिता की आवाज सुनकर जैसे ही फ्लैट का दरवाजा खोला सभी हथियारबंद डकैत फ्लैट में घूस गए। जिसके बाद डकैतों ने राजीव रंजन, उसकी पत्नी व बच्चों को बंधक बनाकर अपने हाथ में पिस्तौल का भय दिखाकर कमरे के गोदरेज अलमारी से 45 लाख रुपए नगद एवं लगभग 450 ग्राम सोने का आभूषण जिसमें सोने की 5 चैन, 8 चूड़ी, 6 कान की बाली, 2 झुमका, 2 मंगलसूत्र, एक गले का सेट, एक डायमंड का गला सेट तथा एक ब्रेसलेट सहित लगभग 70 लाख रुपए कीमती आभूषण और 7 लाख रुपए कीमती 3 किलो चांदी के जेवरात सामान लूटने के बाद सभी डकैत मौके से फरार हो गए। इस दौरान सभी डकैत बिहार की स्थानीय लोकल भाषा में बात कर रहे थे जिनमें से कुछ डकैतों ने लूंगी भी पहन रखा था और सभी के हाथों में पिस्तौल था। डकैतों ने राजीव रंजन और उसके पिता के फर्म से संबंधित कुछ जरुरी कागजात भी अपने साथ ले गए। इसके बाद राजीव रंजन ने तत्काल इसकी शिकायत नालंदा जिले के दीपनगर थाने में दर्ज कराई।



आरोपी

खास बात

- बिहार पुलिस व साइबर ब्रांच कोरबा की टीम ने फिल्मी स्टाइल में डकैती डालने वाले दो आरोपियों को दबोचा

जिले में मिला था आरोपियों का लोकेशन

शिकायत के बाद पुलिस इस डकैती कांड में संलिप्त आरोपियों की पतासाजी में जुटी हुई थी। इसी दौरान बिहार पुलिस को सूचना मिली कि करोड़ों रुपए की डकैती कांड में शामिल सोनू कुमार महतो उम्र 26 वर्ष पिता राजकुमार महतो, निवासी ग्राम गुलमी थाना दीपनगर एवं धीरज कुमार 25 वर्ष पिता शिवशंकर प्रसाद महतो, निवासी ग्राम जोरारापुर, पोस्ट पचोरी थाना नालंदा (बिहार) छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के काशीनगर बस्ती में छिपे हुए हैं। फरार डकैतों का लोकेशन प्राप्त होने के बाद बिहार पुलिस ने जिले के साइबर टीम से संपर्क साधा और आरोपियों का लोकेशन कंफर्म करने के बाद बिहार पुलिस की टीम कोरबा पहुंची। जिसके बाद जिले के साइबर ब्रांच व बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने काशीनगर में दबिश दी। इस दौरान सोनू व धीरज के मार्केट जाने की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम निहारिका पहुंची और सुभाष चौक के समीप सोनू व धीरज की पहचान करने के बाद उन्हें दौड़ाकर फिल्मी स्टाइल में धरदबोचा।

कोल इंडिया ने बढ़ाई चिकित्सा सुविधा प्रदेश के 7 और अस्पताल सूची में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अब कोयला कर्मियों को प्रदेश के 7 नए अस्पतालों में भी बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी। कोल इंडिया ने अपने कर्मचारियों, आश्रित परिवार के सदस्यों और सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए चिकित्सा सुविधा का दायरा बढ़ाया है। 11 अगस्त को जारी की गयी सूचीबद्ध अस्पतालों में रायपुर के 5 अस्पताल सहित अंबिकापुर व सूरजपुर के अस्पतालो को सूची में शामिल किया गया है। इसके अलावा देश के विभिन्न शहरों के 20 अस्पतालों को सूची में जगह दी गयी है।

अब एसईसीएल के कोयला खदानों में कार्यरत कर्मचारियों को उनके आश्रितों और सेवानिवृत्त अधिकारियों और गैर-कार्यकारी कर्मचारियों व उनके जीवनसाथियों को प्रदेश के 7 और अस्पतालों में निर्धारित शर्तों के तहत इलाज की सुविधा मिल सकेगी। कोल इंडिया की नयी सूची में बेंगलुरु, भुवनेश्वर, बर्धमान, फरीदाबाद, कोलकाता, नागपुर, नयी दिल्ली, रायपुर, सूरजपुर, अंबिकापुर और वाराणसी के अस्पताल शामिल किये गये हैं। रायपुर में पांच और वाराणसी में चार नये अस्पताल जोड़े गये हैं। इससे गंभीर बीमारी के इलाज के लिए जिले के कोयला कर्मियों को जरूरत पड़ने पर इन शहरों में भी सूचीबद्ध चिकित्सा संस्थानों का लाभ मिल सकेगा।

खास बात

- रायपुर के 5 अस्पताल सहित अंबिकापुर व सूरजपुर के अस्पतालों को मिली जगह

तालाब में नहाने गया छात्र गहरे पानी में डूबा, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपने दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गया 17 वर्षीय छात्र गहरे पानी में जाकर समा गया। साथियों और ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद उसे तालाब से बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद नोनबिर्रा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था।

करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नोनबिर्रा निवासी आकाश कंवर 17 वर्ष, पिता जगन्नाथ कंवर गोंडवाना उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिवरता में कक्षा 12वीं के एग्रीकल्चर संकाय का छात्र था। वह बुधवार को दोस्तों के साथ गांव के तालाब में नहाने गया था। बताया गया कि नहाते समय सभी दोस्त तालाब के एक हिस्से से दूसरे हिस्से की ओर तैरकर जा रहे थे। इसी दौरान आकाश अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन वह पानी में लापता हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही साथियों ने परिजनों और ग्रामीणों को सूचना दी। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में ग्रामीण तालाब पहुंच गए और खोजबीन शुरू की। काफी प्रयास के बाद आकाश को पानी से बाहर निकाला गया। गंभीर हालत में उसे निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। हादसे के कारणों और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है कि घटना कैसे हुई।

खास बातें

- इकलौते बेटे की मौत से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़
- करतला थाना क्षेत्रद के ग्राम नोनबिर्रा का मामला

ग्रामीण सड़क अधोसंरचना को मिलेगी मजबूती, बनेंगे सीसी रोड

कोरबा। जिले के कोरबी क्षेत्र में छुईहापारा से मेन रोड तक 0.50 किलोमीटर अर्थात 500 मीटर लंबाई की सीसी सड़क सह नाली निर्माण का कार्य स्वीकृत है। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, परियोजना क्रियान्वयन इकाई कोरबा द्वारा सोशल मीडिया में प्रसारित जानकारी के संबंध में वस्तुस्थिति स्पष्ट की गई है।उक्त सड़क निर्माण कार्य मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के वर्ष 2025-26 में स्वीकृत मिली है। इस पैकेज में कुल 5 कार्यों का प्रावधान है। छुईहापारा से मेन रोड तक सड़क सह नाली निर्माण के लिए मेसर्स मनोज कुमार पाण्डेय को कार्य दिया गया है। उपलब्ध कार्यादेश के अनुसार संबंधित ठेकेदार के साथ 24 नवंबर 2025 को अनुबंध किया गया तथा कार्य प्रारंभ करने के निर्देश जारी किए गए। छुईहापारा से मेन रोड तक प्रस्तावित 500 मीटर सीसी सड़क सह नाली निर्माण से क्षेत्र में ग्रामीण आवागमन को बेहतर बनाने के साथ सड़क किनारे जल निकासी की व्यवस्था मजबूत करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क अधोसंरचना को बेहतर बनाने की दिशा में यह कार्य महत्वपूर्ण है।

सड़क दुर्घटना में 7 गौवंश की मौत, 10 घायल, गौसेवकों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री में गुरुवार की देर रात गौवंशों के साथ हुए दर्दनाक हादसे ने माहौल गरमा दिया। भवानी मंदिर के पास पुलिया में 17 गौवंश दुर्घटना की चपेट में आ गए। इस हादसे में 7 गौवंश की मौत हो गई वहीं 10 गौवंश घायल हो गए। इस खबर के बाद गौसेवकों और स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। घटना के विरोध में गौसेवकों ने सड़क पर उतरकर चक्का जाम शुरु कर दिया जिसकी वजह से मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और चक्काजाम कर रहे गौसेवकों को समझाइश का प्रयास किया। इस दौरान दुर्घटना कारित वाहन चालक के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही के आश्वासन के बाद आखिरकार गौसेवकों ने अपना चक्काजाम समाप्त कर दिया।

कोरबा-दर्री मार्ग पर भवानी मंदिर के समीप सड़क हादसे में 17 गौवंशों की चपेट में आने की सूचना मिलते ही देखते ही देखते भवानी मंदिर के समीप बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई जिससे आवागमन बाधित हो गया। दरअसल घटना को लेकर गौसेवकों में जबरदस्त नाराजगी देखने को मिली। बताया जा रहा है कि रात के समय भवानी मंदिर के समीप पुलिया के पास 17 गौवंश दुर्घटना की चपेट में आ गए जिसमें से 7 की मौत हो गई जबकि 10 घायल हो गए। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ और इसमें किस वाहन की भूमिका रही, इसे लेकर फिलहाल आधिकारिक तौर पर स्थिति स्पष्ट नहीं है। हालांकि घटना के बाद इलाके में तनाव और आक्रोश का माहौल निर्मित हो गया। घटना से नाराज गौसेवकों ने मौके पर ही चक्काजाम कर दिया। इसके चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने घटना को लेकर नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। चक्काजाम की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। दर्री सीएसपी गिरिजा शंकर साव की मध्यस्थता और समझाइश के बाद गौसेवकों ने चक्का जाम समाप्त किया, जिसके बाद सड़क पर यातायात बहाल हो सका। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जानकारी जुटा रही है। हादसा कैसे हुआ, गौवंश दुर्घटना की चपेट में कैसे आए और इसके लिए कौन जिम्मेदार है, इन सभी बिंदुओं पर जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। दर्री की इस घटना ने एक बार फिर सड़क पर घूम रहे गौवंशों की सुरक्षा और ऐसे हादसों की रोकथाम को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



घायल मवेशियों को अस्पताल ले जाते गौ सेवक।

खास बातें

- दर्री थाना क्षेत्र के भवानी मंदिर पुल के समीप हुआ हादसा
- कार्यवाही के आश्वासन के बाद गौसेवकों का चक्काजाम समाप्त

मिनीमाता बांगो जलाशय में जल भराव 92.48 प्रतिशत

कभी भी खोला जा सकता है मिनीमाता बांगो जलाशय का गेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मिनीमाता बांगो जलाशय में बारिश के साथ ही जलभराव में वृद्धि हुई है। बांगो जलाशय के कार्यपालन अभियंता श्री एस.के.भारती से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज की स्थिति में बांगो जलाशय में रात्रि 7.45 बजे जलभराव 92.48 प्रतिशत है। जलाशय में पानी की आवक बढ़ने पर कभी भी मिनीमाता जलाशय का गेट खोलकर पानी बहाया जा सकता है।

वर्षाकाल में आवश्यकता होने पर मिनी माता बांगो बांध माचाडोली से हसदेव नदी में पानी कभी भी प्रवाहित किया जायेगा। कार्यपालन अभियंता श्री एस.के.भारती मिनीमाता हसदेव बांगो बांध संभाग क्रमांक 03 माचाडोली ने सर्व साधारण एवं कार्य संबंधितों को सूचित किया है कि मिनीमाता बांगो जलाशय में बारिश के साथ ही जलभराव में वृद्धि हुई है। आज की स्थिति में बांगो जलाशय में जल भराव मीटर 92.48 प्रतिशत है। उक्त बांध से नीचे, हसदेव नदी के किनारे, बाढ़ क्षेत्र में स्थापित चल-अचल सम्पत्ति सुरक्षित स्थानों पर ले जायें। बाढ़ क्षेत्र में स्थापित खनिज खदान ठेकेदार, औद्योगिक इकाईयां, संस्थानों आदि को भी सूचित किया गया है कि वे अपनी परिसम्पत्तियों को बाढ़ क्षेत्र से बाहर कर लेवें। कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो बांध ने कहा है कि अकस्मात बाढ़ से होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति के लिए जल संसाधन विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो बांध ने बाढ़ क्षेत्र में आने वाले गांवों में बाढ़ चेतावनी की मुनादी करवाने के भी निर्देश दिए गए हैं। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि बाढ़ क्षेत्र में आने वाले संभावित गांवो में बांगो, चर्रा, पोड़ी उपरोड़ा, कोनकोना, लेपरा, टुनियाकछार, पाथा, गाड़ाघाट, छिनमेर, कछार, कलमीपारा, सिलीयारीपारा, जूनापारा, तिलाईडाड, डुगुपारा, टुंगुमांड़ा, छिर्रापारा, मछलीबाटा, कोरियाघाट, धनगांव, डोंगाघाट, नरमदा, औराकछार, सोनगुड़ा, जेलगांव, झाबू, नवागांव, तिलसाभाटा, लोतलोता, स्याहीमुड़ी, कोडा, हथमार, झोरा, सिरकीकला आदि शामिल हैं।



शराब पीने के मामले में सहायक शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विकासखंड शिक्षा अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा के प्रतिवेदन के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने शासकीय प्राथमिक शाला आश्रम सरसोंका के सहायक शिक्षक राजेश कुमार बंजारे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार श्री बंजारे के संबंध में 5 अगस्त को शराब के नशे में गांव में घूमते पाए जाने, शराब का सेवन करने तथा संस्था से अनुपस्थित रहने का वीडियो वायरल हुआ था। इस संबंध में उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था, जिसका निर्धारित अवधि में जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। विद्यालय से अधिकतम समय अनुपस्थित रहने के कारण बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही थी। आदेश में उक्त कृत्य को घोर लापरवाही, उदासीनता, स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता का प्रदर्शन बताते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के विरुद्ध माना गया है। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम, 1966 के नियम 9 तथा नियम 10 के तहत श्री राजेश कुमार बंजारे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, पोड़ी उपरोड़ा निर्धारित किया गया है तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

जिले एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..



राम नारायण मरावी
सरपंच
ग्राम पंचायत-बड़े बांका



कलेश्वर अहीर
सचिव
ग्राम पंचायत-बड़े बांका

जिले एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



राम सिंह कंवर
सरपंच
ग्राम पंचायत-गोपालपुर



छतर साय सिदार
सचिव
ग्राम पंचायत-गोपालपुर

जिले एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

कर्मभूमि शिशु विद्या मंदिर, चैतमा
संचालक घनश्याम शर्मा

जिले एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई



दिलीप कुमार कंवर
सभापति जनपद पंचायत पाली
क्षेत्र क्रमांक 23 पटपरा



गनेशी बाई पैकरा
सरपंच
ग्रा. पं. सगुना



पुरानसिह कंवर
सचिव
ग्रा. पं. सगुना

जिले एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...





सरवन सिंह मरावी
सरपंच रजकम्मा मदनपुर



हेमलाल अहीर
उपसरपंच रजकम्मा



सुनील कुर्रे
सचिव रजकम्मा

जिले एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



राज लाल सिंद्राम
सरपंच
ग्राम पंचायत-चैतमा



शांति दास मानिकपुरी
सचिव
ग्राम पंचायत-चैतमा

जिले एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



श्रीमती कौशिल्या सिदार
सरपंच
ग्राम पंचायत-नान बांका



श्रीमती सत्या सोनवानी
सचिव
ग्राम पंचायत-नान बांका

सरपंच पति-छतरसाय सिदार

जिले एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



डॉ. सी. पंत
(एम.बी.बी.एस.)
चिकित्सा अधिकारी, कटाईनार
परामर्श केन्द्र बस स्टैंड बांकीमोंगरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

जिले एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



श्रीमती रम्भा हेमसिंह कंवर
पार्षद
वार्ड क्र.-14, कटाईनार-02
नगर पालिका परिषद, बांकीमोंगरा



हेम सिंह कंवर
मंडल अध्यक्ष
भाजपा अ.ज.जा.मोर्चा बांकीमोंगरा
जिला-कोरबा (छ.ग.)



श्रीमती रूबी गुप्ता
पार्षद-वार्ड क्रमांक-17, घुड़देवा-2
नगर पालिका परिषद, बांकीमोंगरा



पवन गुप्ता
पूर्व पार्षद
नगर पालिक निगम कोरबा













खबर संक्षेप

क्षत्रिय राठौर समाज ने मनाया राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 388वीं जयंती

हरदीबाजार। क्षत्रिय राठौर समाज ग्रामीण के तत्वावधान में राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 388वीं जयंती का आयोजन आइसेक्ट कंप्यूटर सेंटर, मेन रोड हरदी बाजार में मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज रत्न एवं समाज ध्वजवाहक चुलेश्वर राठौर ने राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर के जीवन, संघर्ष, त्याग, अदम्य साहस और राष्ट्रनिष्ठा पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर केवल राठौर समाज के गौरव नहीं, बल्कि भारतीय स्वाभिमान, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति के अमर प्रतीक हैं। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने सिद्धांतों और मातृभूमि के सम्मान से समझौता नहीं किया। उनका जीवन समाज की नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत है। कार्यक्रम को क्षत्रिय राठौर समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय राठौर, निलेन्द्र राठौर, जगदीश अग्रवाल, राजू राठौर ने संबोधित किया। इस अवसर पर महेंद्र राठौर, अमृत लाल राठौर, बाबूराम राठौर, राजेश राठौर, जितेंद्र राठौर, नीरेंद्र राठौर, राजाराम राठौर, विनोद उपाध्याय, जगदीश अग्रवाल, हुलेश राठौर, शैलेंद्र राठौर, महेंद्र राठौर, छत्रपाल राठौर, रवि राठौर, सचिन राठौर, कृष्णानंद राठौर, शैलेंद्र सिंह, अमर सिंह राठौर, पप्पू राठौर, संजीव राठौर उपस्थित रहे।

जनपद सदस्य ने जनहित मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

कोरबा। जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 20 की जनपद सदस्य मोनिका अरविंद भगत के नेतृत्व में ग्राम पंचायत नकटीखार के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर गांव की वर्षों से लंबित 8 प्रमुख जनहित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि कई बार प्रशासन के समक्ष मांगें रखने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रमुख मांगों में प्राथमिक स्कूल से तालाब पारा तक पुलिया व आवागमन की व्यवस्था, जर्जर स्कूल भवन के स्थान पर स्वीकृत नए भवन का निर्माण, मसाहती त्रुटि व भूमि रिकॉर्ड सुधार के लिए राजस्व शिविर, किसानों की लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण, विभिन्न मोहल्लों में सीसी सड़क निर्माण तथा खेल मैदान का सामुदायिक वनाधिकार पट्टा जारी करना शामिल है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि 10 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर नकटीखार में चक्काजाम कर आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन में बताया गया है कि कई बार प्रशासन के समक्ष मांगें रखने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

निधन

विनोद अग्रवाल

कोरबा। व्यवसायी व नेशनल मेडिकल के संचालक विनोद अग्रवाल का निधन हो गया हैं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार की शाम मिशन रोड स्थित मोतीसागरपारा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

विधायक अमर अग्रवाल होंगे मुख्य अतिथि, लेंगे परेड की सलामी

सीएसईबी फुटबाल ग्राउंड में आज होगा स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अमर अग्रवाल।



कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल बच्चे।

15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे।

स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह फुटबॉल ग्राउंड सीएसईबी कोरबा (पूर्व) में आयोजित होगा। प्रातः 8.59 बजे मुख्य अतिथि का समारोह स्थल पर आगमन होगा। प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, प्रातः 9.01 बजे सलामी एवं राष्ट्रगान, प्रातः 9.03 बजे से 9.12 बजे तक मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण एवं हर्ष फायर, 9.12 बजे से 9.25 तक परेड का मार्च पास्ट, 9.25 से 9.27 बजे परेड की समीक्षा एवं सलामी, 9.27 तक 9.47 बजे तक मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, 9.47 से 9.50 बजे रंगीन गुब्बारा उड़ाना, 9.50 से 10.05 बजे परेड का प्रस्थान एवं परेड कमाण्डरों का परिचय, 10.05 से 10.10 बजे मुख्य अतिथि के साथ परेड कमाण्डरों की छायाचित्र, 10.10 से 10.15 बजे शहीद परिवारों का सम्मान, 10.15 से 10.45 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10.45 से 11 बजे सम्मान, पुरस्कार वितरण, प्रातः 11 से 11.10 बजे आभार प्रदर्शन एवं कार्यक्रम का समापन होगा। इसके साथ ही विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र छात्राओं के द्वारा पीटी कार्यक्रम का भी प्रदर्शन किया जाएगा। इसके पूर्व शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के सार्वजनिक प्रतिष्ठान, शिक्षण संस्थान तथा ग्रामीण अंचलों के ब्लॉक मुख्यालय तथा शासकीय कार्यालयों के साथ ग्राम पंचायत के मुख्यालयों में भी ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कुछ शिक्षण संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्कूलों में प्रभातफेरी निकाली जाती है। इस वर्ष भी शिक्षण संस्थाओं में छात्र छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी।

कलेक्टर में फहराया जाएगा तिरंगा

कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर कुणाल दुदावत ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्रगान का गायन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर श्री वसंत अधिकारी कर्मचारियों को संबोधित भी करेंगे।

जिला पंचायत में होगा ध्वजारोहण

जिला पंचायत परिसर में ध्वजारोहण जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित जिला पंचायत सदस्य और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

एसपी कार्यालय में होगा ध्वजारोहण

जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे की सलामी दी जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक, डीएसपी एवं अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

तहसील कार्यालय कोरबा

तहसील कार्यालय कोरबा में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी सरोज महिलांगे ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित तहसील के अधिकारी कर्मचारी व अधिवक्ता उपस्थित रहेंगे। ध्वजारोहण के पश्चात अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

डीएसपीएम व पश्चिम में होगा ध्वजारोहण

राज्य सरकार के उपक्रम श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में मुख्य अभियंता द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे की सलामी दी जाएगी। इसी तरह छग राज्य विद्युत पश्चिम के प्रशासनिक भवन में ध्वजारोहण मुख्य अभियंता ध्वजारोहण कर झंडे की सलामी दी जाएगी। इस अवसर पर अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। ध्वजारोहण पश्चात मिष्ठान का वितरण किया जाएगा।

बालको वेदांता में सीईओ करेंगे ध्वजारोहण

बालको वेदांता एल्युमिनियम संयंत्र के प्रशासनिक भवन में ध्वजारोहण किया जाएगा। बालको के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश कुमार ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। मुख्य कार्यक्रम में नगर के शिक्षण संस्थाओं के छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

एनटीपीसी में परियोजना प्रमुख करेंगे ध्वजारोहण

केंद्र सरकार की नवरत्न कंपनी एनटीपीसी में ध्वजारोहण परियोजना प्रमुख किशोर चंद्र पात्रा द्वारा किया जाएगा। संयंत्र में ध्वजारोहण करने के साथ एनटीपीसी मैदान में मुख्य आयोजन किया जाएगा। जहां शिक्षण संस्थाओं के द्वारा पीटी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा। परियोजना प्रमुख के द्वारा ध्वजारोहण करने के पश्चात स्काउड गाइड और औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों के द्वारा की जाने वाली परेड की सलामी लिया जाएगा।

साकेत भवन में महापौर करेंगें ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महापौर संजूदेवी राजपूत साकेत भवन में ध्वजारोहण करेंगी। इस अवसर पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर, मेयर इन काउंसिल सदस्य, पार्षद, एल्डरमेन के साथ-साथ निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में प्रातः 7 बजे ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कांग्रेस कार्यालय व गांधी चौक में जयसिंह करेंगे ध्वजारोहण

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला कांग्रेस कार्यालय और गांधी चौक में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में ध्वजारोहण किया जाएगा। जिला कांग्रेस कार्यालय में सुबह 8 बजे एवं गांधी चौक कोरबा में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में ध्वजारोहण किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, ब्लॉक जोन, वार्ड व बुथ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पार्षद, पार्षद प्रत्याशियों, सहित कांग्रेस के समस्त विभाग, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

एसईसीएल के सभी क्षेत्रीय मुख्यालय में होगा ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के एसईसीएल कोरबा, गेवरा, कुसमुंडा, दीपका आदि में ध्वजारोहण क्षेत्रीय कार्यालय में मुख्य जनरल मैनेजर के द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर एसईसीएल के तीनों क्षेत्रीय कार्यालय में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा कोयला क्षेत्र में कार्यरत सभी श्रमिक संगठनों के कार्यालयों में भी ध्वजारोहण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जहां श्रमिक नेता ध्वजारोहण करेंगे।

शिक्षण संस्थानों में संस्था प्रमुख करेंगे ध्वजारोहण

जिले के शिक्षण संस्थानों में भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संस्था प्रमुख ध्वजारोहण करेंगे। पीजी कॉलेज में प्राचार्य एलएन कंवर के द्वारा ध्वजारोहण के द्वारा किया जाएगा। इसी तरह बरपाली शासकीय महाविद्यालय में श्री चैतन्य के द्वारा किया जाएगा। कटघोरा महाविद्यालय में एमएम जोशी ध्वजारोहण कार्यक्रम प्राचार्य के द्वारा किया जाएगा। इनके अलावा पाली, बांकीमोंगरा, करतला, रामपुर, उमरेली, जटगा, दीपका एवं भैसमा महाविद्यालय में प्राचार्य के द्वारा ध्वजारोहण कर छात्र छात्राओं को संबोधित किया जाएगा। इनके अलावा जिले के सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में संस्था के प्राचार्यों के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

सभी थाना व चौकी में होगा ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के 78वीं वर्षगांठ के अवसर पर पुलिस लाईन सहित जिले के थाना व चौकी प्रभारी के द्वारा अपने अपने थाना व चौकी में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। साथ ही ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्रगान का गायन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा फहराया जाएगा तिरंगा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को सिंधु भवन शहीद हेमूकालाणी नगर रानी रोड में पूज्य सिंधी पंचायत कोरबा द्वारा सुबह 9 बजे भारत माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के पश्चात शान एवं देशभक्ति भाव से तिरंगा फहराया जाएगा।

उत्साह से निकली स्वतंत्रता दौड़ सद्भावना एवं एकता का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सद्भावना, एकता एवं भाईचारे का संदेश देने के लिए 14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। तेज बारिश के बीच भी जिले के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों - कर्मचारियों, खिलाड़ियों, युवाओं एवं नागरिकों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ स्वतंत्रता दौड़ में सहभागिता निभाई।

कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड से स्वतंत्रता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड से प्रारंभ होकर ट्रांसपोर्ट नगर चौक होते हुए वापस सीएसईबी ग्राउंड में पहुंचकर संपन्न हुई।

कलेक्टर दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक तिवारी ने कहा कि आज की स्वतंत्रता दौड़ में जिस उत्साह और उमंग के साथ सभी ने सहभागिता निभाई है, उसी प्रकार सभी के जीवन में भी उत्साह, उमंग और भाईचारा बना रहे। देश की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी आपसी भाईचारे, सौहार्द और परस्पर सहयोग की भावना को मजबूत करते हुए समाज में एकता एवं सद्भावना का वातावरण बनाए रखने में अपना योगदान दें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रतीक जैन ने कहा कि तेज बारिश में भी सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ स्वतंत्रता दौड़ में सहभागिता निभाई। यह युवाओं के राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देश को आजादी स्वतंत्रता सेनानियों के कठिन संघर्ष, त्याग और वीरता से प्राप्त हुई है। स्वतंत्रता का यह अमूल्य उपहार हमें राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझने और देश की एकता एवं अखंडता को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि तेज बारिश के बीच भी सद्भावना एवं एकता के संदेश के साथ आयोजित स्वतंत्रता दौड़ में लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

बालको की उत्तरोत्तर प्रगति में महिला इंजीनियरों की महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालकोनगर



कभी मैन्यूफैक्चरिंग इंडस्ट्री में इंजीनियरिंग और तकनीकी भूमिकाओं को मुख्य रूप से पुरुषों का कार्यक्षेत्र माना जाता था लेकिन बदलते समय के साथ महिला इंजीनियरों ने इन धारणाओं को पीछे छोड़ते हुए अपनी मजबूत पहचान बनाई है। बालको में महिला इंजीनियर आज उत्पादन, खनन, प्रचालन और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारियां संभाल रही हैं। अपने तकनीकी कौशल, नेतृत्व क्षमता और दृढ़ संकल्प से वे कंपनी की उत्तरोत्तर प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। कार्यस्थल पर मशीनों और आधुनिक तकनीक के बीच जिम्मेदारी निभाने से लेकर टीमों का नेतृत्व करने तक, महिला इंजीनियरों ने साबित किया है कि क्षमता और सफलता की कोई लैंगिक सीमा नहीं होती। चुनौतियों को अवसर में बदलते हुए वे न केवल अपने करियर में आगे बढ़ रही हैं, बल्कि मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में आने वाली नई पीढ़ी की महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन रही हैं। उनकी सफलता की कहानियां बदलती मेटल इंडस्ट्री की उस तस्वीर को सामने लाती हैं, जहां प्रतिभा, कौशल और नेतृत्व ही पहचान का आधार हैं।

भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर निकाली गई रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 14 अगस्त को शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वावधान में हर घर तिरंगा रैली तथा भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं लोगों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता तथा तिरंगे के प्रति सम्मान एवं भाईचारा की भावना को बढ़ावा देना था। रैली में महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स, छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालयीन स्टाफ ने सहभागिता दी। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एमएम वैष्णव द्वारा हरि झंडी दिखाकर किया गया। महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ हुई रैली गोदग्राम भाटपारा के विभिन्न गलियों से होते हुए पुनः महाविद्यालय परिसर में समाप्त हुई। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा एवं सम्मान बनाए रखने का संदेश भी दिया गया। रैली में विद्यार्थियों का उत्साह एवं देशभक्ति का भाव देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ केके दुबे एवं श्रीमती अंजली तथा एनसीसी के कार्यक्रम अधिकारियों लेफ्टिनेंट कुलवंत तिर्की तथा अशोक मिश्रा, डॉ एमके वर्मा, डॉ एसके मूर्ति, सत्य शर्मा, एनएसएस स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स का योगदान रहा।

बोईदा हायर सेकेंडरी में निकाली गई तिरंगा यात्रा

हरदीबाजार। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईदा में तिरंगा यात्रा निकाला गया। जिसका मुख्य उद्देश्य देशभक्ति की भावना जागृत करने के साथ वंदे मातरम का 150वीं वर्षगांठ है पूरा भारतवर्ष बहुत ही हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। विद्यालय एसएमसी अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित किया। सरपंच संजय राज ने सभी छात्रों को तिलक लगाकर तिरंगा यात्रा प्रारंभ किया। प्राचार्य पूनम दुबे ने आज के विशेष आयोजन तिरंगा यात्रा में प्रमुख मार्गदर्शन व अहम भूमिका निभाया। इस अवसर पर तुंगन पटेल, श्रवण पटेल, फिरन सिंह कंवर, दिव्या कश्यप, सागर कुमार, राजेन्द्र कुमार नायक उपस्थित रहे।





जिले एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



















































लगातार जारी है हाथियों का उत्पात

हाथियों ने जटगा व केंदई रेंज में मचाया उत्पात, तोड़ा मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


क्षतग्रस्त मकान एवं महिला।

कटघोरा वनमंडल में हाथियों का आतंक जारी है। जटगा परिसर में मौजूद हाथियों ने जहां ढुरकीडांड में उत्पात मचाते हुए तीन ग्रामीणों के मकान को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं केंदई रेंज के लमना में अचानक पहुंचे लोनर ने एक ग्रामीण के घर को ढहा दिया है। हाथियों द्वारा लगातार मकान तोड़े जाने से ग्रामीण दहशत में हैं। वहीं वन विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है।

जानकारी के अनुसार हाथियों का झुण्ड आधी रात को मेढ़उड़ पहाड़ से नीचे उतरा और जटगा परिसर के ढुरकीडांड गांव में पहुंचने के साथ उत्पात मचाते हुए वेदप्रसाद, बुद्धु सिंह व राजू के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित ग्रामीणों ने हाथियों के आने तथा इसे खदेडऩे के लिए गांव वालों को आवाज लगाई जिस पर ग्रामीण अपने-अपने घरों से निकले और हाथियों को खदेड़ा। खदेड़े जाने पर हाथी जंगल की ओर भागे तब राहत मिली। वन विभाग को सूचना दिए जाने पर वन अमला शुक्रवार की सुबह मौके पर पहुंचकर नुकसानी के आंकलन में जुट गया है। उधर केंदई रेंज में भी लोनर हाथी ने उत्पात मचाते हुए एक ग्रामीण के घर को ढहा दिया। यह लोनर हाथी अब तक ऐतमानगर रेंज के कठमोरगा व बुका में उत्पात मचा रहा था लेकिन गुरुवार की शाम लोनर ने अपना लोकेशन बदल दिया और केंदई रेंज के परला सर्किल के लमना गांव में पहुंचकर एक ग्रामीण के घर को ढहा दिया। उत्पाती हाथी के लमना पहुंचने और मकान तोड़े जाने की सूचना दिए जाने पर वन अमला मौके पर पहुंचकर हाथी की निगरानी में जुट गया है। वहीं बरसात में टूटे घर से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है।

भूविस्थापितों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरदीबाजार। पिछले 10 माह से हरदीबाजार के लोग एसईसीएल दीपका प्रबंधन से अपने वाजिब और वांछित हक के लिए लड़ते आ रहे हैं, कई दौरान की त्रिपक्षीय वार्ता, आश्वासन, वादे, कसमें प्रबंधन ने खाए और दिए लेकिन वास्तविकता इससे परे रही। ना बसाहट की बुनियाद ढ़ांचा अब-तक तैयार हुआ न सड़क कनेक्टिविटी का पता और ना नौकरी, मुआवजा पत्रक सार्वजनिक हुआ, ना 50 प्रतिशत मुआवजा का अब एक और मुख्य मांग ग्रामीणों की है वो हाईकोर्ट के आदेश का 2004-2010 के अधिग्रहण के समय छत्तीसगढ़ पुनर्वास नीति लागू थी उसके आधार पर नौकरी एक डिसमिल पर दी जाए। वहीं 2004-2010 अधिग्रहण के साथ विधिवत हुई रजिस्ट्री, नामांतरण पर वर्तमान भूस्वामी को मकान का सौ प्रतिशत साल्यूशन सहित मुआवजा व बसाहट दिया जाए। जयंती नगर बसाहट को निरस्त कर सुपेतपारा के पास बसाहट दिया जाए।

बाथरूम में फंदे पर मिली विवाहिता की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


मरच्युरी कक्ष के बाहर परिजन।

कोतवाली थाना क्षेत्र के सर्वमंगला नगर में गुरुवार देर रात 26 वर्षीय विवाहिता का शव घर के बाथरूम में फंदे पर लटका मिला। मृतिका की पहचान सुलोचना पटेल के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू की।

वहीं उमेश पटेल ने पत्नी की हत्या के आरोपों को पूरी तरह खारिज किया है। उनका कहना है कि दोनों के बीच किसी तरह का विवाद नहीं था और उन्होंने सुलोचना के साथ मारपीट नहीं की। उमेश के मुताबिक ड्यूटी पर जाने के दौरान सुलोचना ने उनसे कहा था कि 'तुम हमको नहीं पाओगे', लेकिन उन्होंने इसे मजाक समझा। उन्होंने दूसरी महिला से बातचीत के आरोपों को भी गलत बताया। शरीर पर मिले निशानों को लेकर उमेश ने कहा कि ये निशान 15 तारीख को बर्तन धोते समय चूड़ी लगने से आए थे। उमेश ने पुलिस को बताया कि सुलोचना एक और बच्चा चाहती थी, लेकिन स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के कारण वह गर्भवती नहीं हो पा रही थी। उनके अनुसार, इस वजह से वह परेशान रहती थी। सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा लिया है। परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं। विवाहिता की मौत के पीछे की वास्तविक वजह क्या है, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
फिर से साफ दिखेगा परिवार का हर मुस्कुराता चेहरा
अब मोतिया-बिन्द की सर्जरी से डरना छोड़िए!
अनुभवी फेको सर्जन
बिना इंजेक्शन
बिना टांके
बिना पट्टी
MICS तकनीक से सुरक्षित एवं आरामदायक सर्जरी
तेज रिकवरी, तुरंत घर वापसी कम समय में सर्जरी
प्रीमियम MULTIFOCAL / EDOF लैंस उपलब्ध
बिना इंजेक्शन के आई ड्रॉप से सर्जरी
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
(MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE, AAO MEMBER)
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

सोनाली दत्ता बनी के केएमएस महिला समिति की केंद्रीय अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) के केंद्रीय महामंत्री नाथूलाल पाण्डेय ने श्रीमती सोनाली दत्ता को कोयला मजदूर सभा की महिला समिति का केंद्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। शनिवार को श्रीमती दत्ता के कोरबा प्रवास के दौरान कोयला मजदूर सभा के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष केदारनाथ अग्रवाल ने उन्हे नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर कोरबा प्रभारी राकेश श्रीवास्तव एंव कोरबा क्षेत्र के महामंत्री सुरेंद्र कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे।

कोरबा मार्केट

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नीशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाईयां...
डॉ अनिल प्रताप सिंह
ए.पी. सोनोग्राफी सेंटर एवं डिजिटल एक्सरे
पता- गुरुद्वारा काम्प्लेक्स कटघोरा जिला कोरबा छ.ग.मो. 8435672666

जिले एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरि कृष्णा केयर हॉस्पिटल कटघोरा
मल्टीस्पेशलिटी एंड ट्रामा सेंटर
